# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियाँ मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर लखनऊ–226008
ई–मेल आई.डी. : **hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com**
वेबसाइट : **hajcommittee.up.gov.in**

पत्रांक–जी–।।/1150/एस0एच0सी0/2025 दिनांकः 25/07/2025

सेवा में,

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी,
लखनऊ/बरेली/गाजियाबाद।

विषयः– **हज–2026 हेतु आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर पासपोर्ट निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक जी–।।/1102/एस0एच0सी0/2025 दिनांक 15.07.2025 का संज्ञान लेने का कष्ट करें। विदेश मंत्रालय पी0एस0पी0 अनुभाग, भारत सरकार, पटियाला हाउस, नई दिल्ली के पत्रांक संख्या VI/401/1/16/2025 दिनांक 30.06.2025 में सभी सम्बन्धित क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों को हज सत्र–2026 में आवेदन करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर पासपोर्ट जारी करने हेतु नोडल अधिकारी नामित करने एवं अलग काउण्टर खोले जाने व समस्याओं का त्वरित समाधान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश निर्गत किये गये है। (पत्र की प्रतिलिपि सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।)

उक्त के क्रम में ज़िलों से प्राप्त सूचना के अनुसार पासपोर्ट कार्यालयों पर उक्त व्यवस्था न होने के कारण हज आवेदकों को पासपोर्ट निर्गत होने में बाधा आ रही है कारणवश हज आवेदन की गति उत्तर प्रदेश में अन्य प्रान्तों की अपेक्षा बहुत पीछे रह गयी है। जिस पर हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा सभी प्रान्तों के साथ दिनांक 24.07.2025 को हुई वर्चुअल बैठक में चिंता व्यक्त की गयी है, जबकि हज आवेदन की अन्तिम तिथि 31.07.2025 में केवल एक सप्ताह ही शेष रह गया है।

अनुरोध है कि हज सत्र–2026 की यात्रा के इच्छुक आवेदकों को जिन्होंने सामान्य/तत्काल श्रेणी में आवेदन किया है दोनों ही स्थिति में उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हज आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व पासपोर्ट उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि प्रदेश से हज सत्र–2026 हेतु आवेदन करने वाले किसी भी आवेदक को पासपोर्ट के अभाव में आवेदन से वंचित न होना पड़े।

भवदीय

संलग्नः– उक्तवत्

Digitally signed by
Sheo Prakash Tiwari
Date: 25-07-2025
12:09:28

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

**पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अतिरिक्त सचिव (गल्फ), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, पटियाला हाउस, तिलक मार्ग, नई दिल्ली।
2. संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, अन्त्योदय भवन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 शासन, लोक भवन, लखनऊ।
4. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी